**दिनांक–13.03.2026 को सचिव, भवन निर्माण विभाग, बिहार, पटना की अध्यक्षता में Proposed Construction of Block cum Circle office Building, at khutauna, at Distt.- Madhubani कार्य से संबंधित निविदा के तकनीकी बीड निष्पादन के क्रम में प्राप्त परिवाद के निष्पादन हेतु विभागीय निविदा समिति की आहूत बैठक की कार्यवाही:–**

<u>उपस्थितिः–</u>

(i) **श्री कुमार रवि,** – अध्यक्ष
सचिव, भवन निर्माण विभाग, बिहार, पटना।

(ii) **श्री सुरेश प्रसाद प्रभाकर,** – सदस्य
अभियंता प्रमुख–सह–अपर आयुक्त–सह–
विशेष सचिव, भ०नि०वि०, पटना।

(iii) **ई० रामाज्ञा कुमार,** – सदस्य
मुख्य अभियंता (उत्तर), भवन निर्माण विभाग, पटना।

(iv) **श्री विकास कुमार पाण्डेय,** – सदस्य
आन्तरिक वित्तीय सलाहकार, भ०नि०वि०, पटना।

| | | | |
|---|---|---|---|
| 1. | योजना का नाम | – | **Proposed Construction of Block cum Circle office Building, at khutauna, at Distt.- Madhubani** |
| 2. | योजना की प्रशासनिक स्वीकृति की राशि | – | ₹16,62,10,000/– (ग्रामीण विकास विभाग, बिहार का ज्ञापांक–3556556, दि0–10.01.2025) |
| 3. | योजना की समेकित तकनीकी स्वीकृति की कुल राशि | – | ₹15,22,79,222/– (मुख्य अभियंता (नि0) का पत्रांक 1127 (नि0) अनु0 दिनांक–13.07.2025 एवं मुख्य विधुत अभियंता का ज्ञापांक–732(वि0) दिनांक–01.07.2025) |
| 4. | योजना अन्तर्गत विषयांकित कार्य हेतु परिमाण विपत्र की राशि | – | ₹14,82,36,671/– |
| 5. | निविदा आमंत्रण की तिथि | – | 25.11.2025 |
| 6. | निविदा प्राप्त (डाउनलोड) की अंतिम तिथि | – | 31.12.2025 |
| 7. | निविदा जमा (अपलोड) की अंतिम तिथि | – | 31.12.2025 |
| 8. | प्री–बीड की बैठक की तिथि एवं समय | – | दिनांक 18.12.2025 को 12.30 बजे अपराह्न में मुख्य अभियंता (उत्तर) के कार्यालय कक्ष में एवं दिनांक 15.12.2025 को 12.30 बजे अपराह्न में अधीक्षण अभियंता, भवन अंचल, दरभंगा के कार्यालय कक्ष में। |
| 9. | कार्य समाप्ति की अवधि | – | 12 (बारह) माह। |
| 10. | निविदा प्रसारण का माध्यम | – | ई–निविदा एवं दैनिक समाचार पत्र |
| 11. | निविदा आमंत्रण सूचना प्रकाशन की तिथि एवं प्रकाशित समाचार पत्र का नाम | – | दैनिक जागरण समाचार पत्र, दिनांक–19.12.2025 |
| 12. | प्रकाशन का पी0आर0 संख्या | – | 019832(भवन)/2025–26 |
| 13. | निविदा में भाग लेनेवाले निविदाकार का नाम एवं पता | – | **i)** RAVI RANJAN KUMAR RAJA, SIRSIYA PARSHAHI MADHUBANI,BIHAR-847421 (BCD Class-1, REG NO-1220017)<br>– **ii)** AMOD KUMAR, SAHARSA-852124 (BMSICL Class-1, REG NO-165/2023-24)<br>– **iii)** MEHENDIYA CONSTRUCTION PVT LTD. ARWAL-804428 (BCD Class-1, REG NO-1240010)<br>– **iv)** VINDHYAWASINI CONSTRUCTION, ROHTAS 821115 (RWD Class-1, REG NO-1250667) |

14. **प्रथम बार आमंत्रित निविदा की कार्यवाहीः-**

दिनांक-06.10.2025 को आहूत तकनीकी बीड मूल्यांकन समिति की बैठक में विषयांकित कार्य हेतु प्रथम बार आमंत्रित निविदा में **भाग लिये तीन निविदाकारों में से कोई भी निविदाकार** के तकनीकी बीड में **'सफल'** नहीं पाये जाने के कारण वित्त विभाग के अधिसूचना सं0-7806, दिनांक-30.09.2016 के आलोक में निविदा को रद्द कर **'पुनर्निविदा'** करने का निर्णय लिया गया।

15. **वर्त्तमान में (द्वितीय बार) आमंत्रित निविदा की कार्यवाहीः-**

विषयांकित कार्य हेतु द्वितीय बार आमंत्रित निविदा में उपरोक्त चार निविदाकारों द्वारा भाग लिया गया है। उक्त सभी निविदाकारों के तकनीकी बीड के अभिलेखों को अधीक्षण अभियंता, भवन अंचल, दरभंगा का पत्रांक-46 अनु0 दिनांक-07.01.2026 द्वारा मूल्यांकन हेतु भेजा गया।

तकनीकी बीड मूल्यांकन समिति की दिनांक-27.01.2026 को सम्पन्न बैठक में सर्वसम्मति से विषयांकित कार्य हेतु द्वितीय बार आमंत्रित निविदा में **भाग लिये चारों निविदाकार** (i) " RAVI RANJAN KUMAR RAJA, SIRSIYA PARSHAHI MADHUBANI, BIHAR-847421(BCD Class-1, REG NO-1220017)", (ii) "AMOD KUMAR, SAHARSA-852124 (BMSICL Class-1, REG NO-165/2023-24)", (iii) "MEHENDIYA CONSTRUCTION PVT LTD, ARWAL - 804428 (BCD Class-1, REG NO-1240010)" एवं (iv) "VINDHYAWASINI CONSTRUCTION, ROHTAS- 821115 (RWD Class-1, REG NO-1250667)" को तकनीकी बीड में **"सफल"** घोषित किया गया था।

दिनांक-27.01.2026 को सम्पन्न तकनीकी बीड मूल्यांकन समिति की बैठक में लिए गए निर्णय पर दिनांक-02.02.2026 के पूर्वाह्न 10.00 बजे तक किसी प्रकार की आपत्ति/परिवाद हेतु कार्यवाही को विभागीय बेवसाईट पर रखा गया। विषयांकित कार्य के परिवादी RAVI RANJAN KUMAR RAJA, SIRSIYA PARSHAHI MADHUBANI,BIHAR-847421 द्वारा दिनांक-09.02.2026 को तकनीकी बीड के मूल्यांकन पर लिखित आपत्ति दी गयी है, जिसका विवरण एवं उक्त आपत्ति पर तकनीकी बीड मूल्यांकन समिति का मंतव्य निम्नवत् हैः-

| प्राप्त आपत्ति की विवरणी | प्राप्त आपत्ति पर तकनीकी बीड मूल्यांकन समिति का मंतव्य |
|---|---|
| परिवादी RAVI RANJAN KUMAR RAJA ने अपने पत्रांक-शून्य दिनांक-09.02.2026 के द्वारा लिखित आपत्ति दी गयी है कि :-<br>उपरोक्त निविदा के संबंध में परिवादी का कहना है किः-<br>उक्त कार्य में चार सफल निविदाकार हैं, जिसमें एक सफल निविदाकार-अमोद कुमार, सहरसा द्वारा Already Bids Submitted में कार्य को छिपाया गया है, जो इन्हें 29.01.2026 को आवंटित कर दिया गया है, जिसकी छायाप्रति संलग्न कर रहा हूँ एवं तृतीय निविदाकार-Mehendiya Construction Pvt. Ltd., Arwal द्वारा लक्ष्मण शर्मा का जो | तकनीकी बीड मूल्यांकन समिति ने आपत्तिकर्त्ता निविदाकार RAVI RANJAN KUMAR RAJA द्वारा दर्ज की गयी आपत्ति के आलोक में उनके द्वारा ई0-टेंडर मॉड्यूल में अपलोड किये गये तकनीकी बीड के अभिलेखों की पुर्नसमीक्षा की गयी समीक्षोपरांत तकनीकी बीड मूल्यांकन समिति ने पाया किः-<br>1. एस0बी0डी0 के Section-02 की कंडिका-1.4 (Information on Bid Capacity (works for which bids have been submitted and works which are yet to be completed) as on the date of this bid) के अनुपालन में वर्त्तमान निविदा में निविदाकार द्वारा अपने Letter Head में दिनांक-27.12.2025 को हस्ताक्षर अंकित किया गया है। जबकि निविदा आमंत्रण की तिथि 15.11.2025 है। अतएव निविदाकार का Bid Already Submitted अभिलेख मान्य है।<br>आपत्तिकर्त्ता के आपत्ति के अनुसार अमोद कुमार, सहरसा द्वारा योजना-Construction of Bourndary wall of Total Occupied land of Sub-Divisional Court, Paliganj under Patna Judicature का उल्लेख Bid Already Submitted में नहीं किया है। जबकि यह कार्य निविदाकार अमोद कुमार, सहरसा को दिनांक-29.01.2026 को मुख्य अभियंता (पटना) के ज्ञापांक- 324 (पटना) दिनांक-29.01.2026 द्वारा आवंटित करने का निर्णय लिया गया है। eproc-2 पर उपलब्ध जानकारी के अनुसार उक्त निविदा में निविदाकार द्वारा दिनांक-31.12.2025 को भाग लिया गया था। यह तिथि उनके Bid Already Submitted में हस्ताक्षरित तिथि 27.12.2025 के बाद की है। अतएव Bid Already Submitted में उक्त कार्य का उल्लेख नहीं किये जाने पर आपत्ति करना तर्कसंगत नहीं है। अतः उक्त प्राप्त आपत्ति को अमान्य करने की अनुशंसा की गयी। |

| | |
|---|---|
| कार्य अनुभव प्रमाण पत्र दिया गया है, वह कार्य Construction of Staff Quarter and Guest House of S.B. and M.S at Shivalapar, Neora, Patna I/C Internal Water Supply, Sanetary Installation, Drainage Internal Electric Installation and Lift जो C.P.W.D., Patna-1 इस नाम की योजना C.P.W.D., Bihar में कहीं नहीं कराया गया है, जिसकी C.P.W.D. के Website से छायाप्रति संलग्न कर रहा हूँ एवं इनके द्वारा Furniture का जो M/s. Durian Industry Ltd. द्वारा दिया गया है, जो कि रत्नेश कुमार तिवारी द्वारा शपथ-पत्र दिया गेया है और Durian Industry Ltd. का Authorized Letter नहीं Submit किया गया है। उसके बाद भी इनके द्वारा शपथ-पत्र दिया गया है। जबकि को कम्पनी Authorized Letter जिसके नाम से देती है, वहीं आदमी शपथ पत्र दे सकता है।<br><br>अतः मुख्य अभियंता (उत्तर) से नम्र निवेदन करता हूँ कि तकनीकी बीड मूल्यांकन पर पुनर्विचार करने की कृपा की जाय। | विदित हो कि पटना उपभाग से आवंटित Construction of Bourndary wall of Total Occupied land of Sub-Divisional Court, Paliganj under Patna Judicature कार्य की राशि ₹2,21,44,419/- मात्र है, जिसकी गणना के पश्चात निविदाकार का Bidding Capacity ₹21,88,46,616/- से घटकर ₹19,67,02,197/- हो जाता है, जो वांछित से अधिक है। अतः निविदाकार अमोद कुमार, सहरसा को तकनीकी बीड में पूर्ववत सफल घोषित करने की अनुशंसा की गयी।<br><br>2. निविदाकार MEHENDIYA CONSTRUCTION PVT LTD के अनुभव प्रमाण पत्र के सत्यापन के क्रम में कार्यपालक अभियंता, नालंदा भवन प्रमंडल, बिहारशरीफ का पत्रांक-426 दिनांक-10.02.2026 द्वारा प्रतिवेदित किया गया है कि जिला अभियंता, जिला परिषद्, नालंदा के पत्रांक-76 दिनांक-09.02.2026 द्वारा सूचित किया गया है कि पत्रांक-285 बिहारशरीफ, दिनांक-10.04.2023 द्वारा निर्गत अनुभव प्रमाण पत्र Damas Civil Construction India Pvt., कैमूर, बिहार के नाम से निर्गत है ना कि MEHENDIYA CONSTRUCTION PVT LTD जिला-अरवल, बिहार के नाम से है।<br><br>अतः परिवादी द्वारा निविदाकार MEHENDIYA CONSTRUCTION PVT LTD पर दिये गये परिवाद पर बिना विचार किये हुए इन्हें **'असफल'** घोषित करते हुए निविदाकार MEHENDIYA CONSTRUCTION PVT LTD पर निविदा प्राप्ति हेतु गलत कागजात समर्पित करने हेतु बिहार ठिकेदारी निबंधन नियमावली-2007 के तहत कार्रवाई करने का निर्णय लिया गया।<br><br>उपरोक्त तथ्यों के आलोक में तकनीकी बीड मूल्यांकन समिति द्वारा प्राप्त आपत्ति को सर्वसम्मति से निविदाकार अमोद कुमार, सहरसा को तकनीकी बीड में पूर्ववत सफल घोषित करते हुए एवं MEHENDIYA CONSTRUCTION PVT LTD को तकनीकी बीड मूल्यांकन में **"नॉन-रिस्पॉसिव"** करते हुए गलत कागजात समर्पित करने हेतु बिहार ठिकेदारी निबंधन नियमावली-2007 के तहत कार्रवाई करने की अनुशंसा की जाती है। |

16. निविदाकार "VINDHYAWASINI CONSTRUCTION, ROHTAS– 821115" है। इनके द्वारा अपलोड किये गये कागजातों का तकनीकी बीड मूल्यांकन समिति द्वारा समीक्षा की गयी। समिति द्वारा जाँचोंपरांत पाया गया कि निविदाकार "VINDHYAWASINI CONSTRUCTION, ROHTAS– 821115" को पूर्व में दरभंगा जिलान्तर्गत हायाघाट प्रखंड में प्रखंड-सह-अंचल कार्यालय भवन का निर्माण कार्य का कार्य आवंटित किया गया है जिसकी राशि ₹13,82,54,344/- है। इस राशि के कार्य को आवंटित करने के उपरांत निविदाकार "VINDHYAWASINI CONSTRUCTION, ROHTAS–821115" का **Bidding Capacity- Rs 10,02,85,494/-** मात्र शेष है जो वांछित अहर्त्ता से कम है। उक्त के कारण निविदाकार इस निविदा के लिए योग्य नहीं हैं। अतः इन्हें **"नॉन-रिस्पॉन्सिव"** पाया गया एवं तकनीकी बीड में **"असफल"** घोषित करने की अनुशंसा की जाती है।

तकनीकी बीड मूल्यांकन समिति द्वारा सर्वसम्मति से विषयांकित कार्य हेतु द्वितीय बार आमंत्रित निविदा के परिवादी RAVI RANJAN KUMAR RAJA, SIRSIYA PARSHAHI MADHUBANI,BIHAR-847421 द्वारा दिये गये परिवाद पर निविदाकार अमोद कुमार, सहरसा को तकनीकी बीड में पूर्ववत सफल घोषित करते हुए एवं MEHENDIYA CONSTRUCTION PVT LTD को तकनीकी बीड मूल्यांकन में **"नॉन-रिस्पॉसिव"** करते हुए गलत कागजात समर्पित करने हेतु बिहार ठिकेदारी निबंधन नियमावली-2007 के तहत कार्रवाई करने की अनुशंसा की जाती है।

17. **तकनीकी बीड मूल्यांकन समिति की अनुशंसाः-**

सम्यक् विचारोपरांत तकनीकी बीड मूल्यांकन समिति द्वारा सर्वसम्मति से **भाग लिये चार निविदकारों में से दो निविदाकार**

(i) "RAVI RANJAN KUMAR RAJA, SIRSIYA PARSHAHI MADHUBANI, BIHAR- 847421 (BCD Class-1, REG NO-1220017)" एवं

(ii) "AMOD KUMAR, SAHARSA -852124 (BMSICL Class-1, REG NO-165/2023-24)"

को तकनीकी बीड में **'सफल'** घोषित करने एवं **अन्य दो निविदाकार**

(i) "VINDHYAWASINI CONSTRUCTION, ROHTAS- 821115 (RWD Class-1, REG NO-1250667)" एवं

(ii) "MEHENDIYA CONSTRUCTION PVT LTD, ARWAL-804428 (BCD Class-1, REG NO-1240010)"

को तकनीकी बीड में **'असफल'** घोषित करने की अनुशंसा की जाती है। साथ ही **सफल दो निविदाकारों** का वित्तीय बीड खोले जाने की अनुशंसा पर सहमति प्राप्त करने हेतु विभागीय निविदा समिति में रखने का निर्णय लिया गया।

18. **विभागीय निविदा समिति का निर्णयः-**

सम्यक् विचारोपरान्त विभागीय निविदा समिति द्वारा सर्वसम्मति से तकनीकी बीड मूल्यांकन समिति द्वारा की गयी अनुशंसा पर सहमति प्रदान की गयी।

इस कार्यवाही को विभागीय बेंवसाईट पर अपलोड की जाय।

अंत में बैठक सधन्यवाद समाप्त हुई।

| | | | |
|---|---|---|---|
| 13/3/26 | 13.3.26 | 13.3.26 | 13/3/26 |
| (विकास कुमार पाण्डेय) | (रामाज्ञा कुमार) | (सुरेश प्रसाद प्रभाकर) | (कुमार रवि) |
| आन्तरिक वित्तीय सलाहकार<br>भ0नि0वि0, पटना। | मुख्य अभियंता(उत्तर)<br>भ0नि0वि0, पटना। | अभियंता प्रमुख-सह-अपर आयुक्त-सह-विशेष सचिव, भ0नि0वि0, पटना। | सचिव<br>भ0नि0वि0, पटना। |

**मुख्य अभियंता (उत्तर) का कार्यालय**
**भवन निर्माण विभाग, बिहार, पटना।**

ज्ञापांक- भ0उ0वि0/यो0(दर0)- 123/2025 1767 पटना, दिनांकः- 13/3/2026

प्रतिलिपि-आई0टी0 मैनेजर, भवन निर्माण विभाग, पटना को विभागीय वेबसाईट पर अपलोड करने हेतु प्रेषित।

13.3.26
मुख्य अभियंता (उत्तर)।